"I was the lone bread earner in the family and after getting my leg amputated, I am unable to work like I used to earlier," he added. Deputy Commissioner Poonch Rahul Yadav here told UNI, "there are total 1,388 bunkers allocated for community and individual, out of which 550 to 600 ready." "We have asked for more allocation as Poonch has larger area with high density of population across the border," said the DC. A total of 5,538 bunkers have been completed in the Jammu division including 5.035 individual bunkers and 503 community bunkers. Also, 1,234 bunkers, including community and individual bunkers, have been completed in district Samba, 918 in Jammu, 1,193 in Kathua, 1,744 in Rajouri, over 500 in Poonch have been completed. However, former MLC Shahnaz Ganai expressed apprehensions on numbers of bunkers stated by the administration. "Poonch district has maximum population living close to the border but the bunkers allocation is not up to the mark as only 1,500 were built, which are not sufficient," she said. "Several bunkers are still under construction. People living close to borders are the worst-affected by shelling and bunkers are utmost requirement at the moment, Ms Ganai said.

● **ललन कुमार प्रसाद**

दुनियांभर के लोगों में कोरोना वायरस ने दहशत पैदा कर दिया है। चीन के हुवेई प्रांत के वुहान शहर से शुरू हुई कोरोना वायरस का कहर अब दुनियांभर के 24 देशों में फैल गया है। ये देश है-चीन, इटली, दक्षिण कोरिया, अमेरिका फ्रांस, जर्मनी, भारत, श्रीलंका, नेपाल, यूएई, मलेशिया, जापान, रूस, ऑस्ट्रेलिया, ताइवान, वियतनाम, कंबोडिया, सिंगापुर, ब्रिटेन, थाईलैंड, फिनलैंड, फिलीपींस और बोत्सवाना। इसलिए विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसे वैश्विक आपदा घोषित कर दिया है। कोरोना वायरस के गिरफ्त में पूरा चीन यानि चीन के 34 प्रांत है। चीन सरकार से मिली जानकारी के अनुसार 3 फरवरी तक कोरोना वायरस के संक्रमण से मरने वालों का आंकड़ा 425 तक पहुंच गया है। 20 हजार 428 लोगों में इस वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हो चुकी है, जिनमें से 1900 मरिजों की स्थिति नाजुक है।

✯ **वायरस क्या है? :-** 'वायरस' एक लैटिन शब्द है, जिसका मतलब है 'विष'। इसलिए हिन्दी में वायरस को विषाणु कहते हैं। ये वनस्पति वर्ग के सर्वाधिक सूक्ष्म



जीवों के समूह है, जो पूर्णत: परिजीवी होते हैं। अर्थात् वायरस अपना भोजन अन्य जीवों से प्राप्त करते हैं। इन्हें पनपने के लिए जीवित कोशिकाओं (लिविंग सेल्स) की जरूरत पड़ती है। जीवित कोशिकाओं में आरएनए (राइबोन्यूक्लिक एसिड) और डीएनए (डीऑक्सीराइबोन्यूक्लिक एसिड) दोनो पाये जाते हैं, जबकि वायरसों में इनमें से सिर्फ एक ही पाया जाता है। वायरस में मौजूद न्यूक्लिक एसिड के प्रकार के अनुसार इन्हे डीएनए वायरस और आनएनए वायरस कहा जाता है।

वायरस इतने सूक्ष्म जीव हैं कि शक्तिशाली सूक्ष्मदर्शी (पावरफुल माइक्रोस्कोप) से भी नहीं देखा जा सकता है। ये एक छोटे से पिन के एक सिरे के लगभग 16 हजारवें भाग के बराबर होते हैं। इन्हें केवल इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोप से ही देखा जा सकता है। इसलिए वायरस, बैक्टीरिया (जीवाणु) को छानने के लिए सार्वधिक महीन बैक्टीरिया फिल्टर से निकल जाता है। अत: बैक्टीरिया से इनका बिलगाव संभव नहीं है। इनकी लम्बाई 10 माइक्रोन से लेकर 20 माइक्रोन तक होती है। एक माइक्रोन एक मीटर का दस लाखवां भाग होता है। अर्थात् सबसे छोटे और सबसे बड़े वायरस के शरीर में बीस गुणा तक का अंतर होता है।

वास्तव में वायरस इतने सूक्ष्म होते हैं कि इनकी आकृति के बारे में अब तक सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी है। ये कई आकार और आकृतियों में पाये जाते हैं। जैसे-बेलनाकार, बहुभुजाकार, कटे हुए गोले की आकृति जैसी संरचना, धागे जैसी संरचना और मेढ़क की तरह की आकृति वाले। ऐसे वायरस भी पाये जाते हैं, जिनका सिर तो बहुभुजाकार होता है, मगर उसमें बेलनाकार पूंछ होती है।

वायरस में कोशकीय संरचना (सेलूलर स्ट्रक्चर) नहीं होती है। अर्थात् ये अकोशीय होते हैं वास्तव में वायरस एक न्यूक्लियो प्रोटीन है, जो दो पदार्थों के मिलने से

बनते हैं। ये पदार्थ हैं-न्यूक्लिक एसिड और प्रोटीन। वायरस का मुख्य भाग न्यूक्लिक एसिड होता है। वायरस के मध्य में न्यूक्लिक एसिड वलय (रिंग) के रूप में रहता है, जो प्रोटीन की बनी दोहरी सतह वाली सुरक्षा खोल यानि आवरण से ठका रहता है। प्रोटीन के इसी बाहरी खोल को कैप्टिस कहते हैं।

✯ **संक्रमण के बाद वायरस कैसे फैलते हैं :-** संक्रमण के बाद वायरस इंसान, पशु-पक्षी और वनस्पतियों की जीवित कोशिकाओं के अंदर पाये जाते हैं तथा विभाजित होते रहते हैं। अर्थात् ये केवल जीवित कोशिका में प्रजनन कर सकते हैं। ये एक कोशिका से दूसरी कोशिका में छिद्र करके चले जाते हैं और नई कोशिका में प्रवेश करते ही विभाजन शुरू कर देते हैं। इस तरह इनकी संख्या में अचानक वृद्धि हो जाती है। साथ ही इन्हें अकार्बनिक पदार्थ की तरह रवाकृत (क्रीस्टाइज्ड) किया जा सकता है। जो जीवित कोशिका के सम्पर्क में आते ही जीवित हो उठते हैं और प्रजनन-गुणन (ब्रीडिंग मल्टीप्लीकेशन) करने लगते हैं।

जीवित कोशिका के बाहर से देखने पर वायरस कुछ भी नहीं है, किन्तु ये अक्रिय रसायन है जो एक बार शरीर में प्रविष्ट होते ही जीवान्त हो जाते हैं और अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए जीव-रसायनीय (बायो केमिकल) मशीनरी पर अधिकार जमा लेते हैं। दूसरे शब्दों में वायरस बीमारी फैलाते हैं, इसलिए इन्हें मृत नहीं माना जा सकता। फिर वायरस भोजन के लिए परपोषी पर पूरी तरह आश्रित रहते है। इसलिए जीवितों में इनकी गिनती नहीं की जा सकती है। यही कारण है कि वैज्ञानिक आज भी वायरस को आधा जीवित और आधा मरा हुआ मानते हैं। इस प्रकार वायरस में सजीव और निर्जीव दोनो ही प्रकार के गुण पाये जाते हैं। इसलिए ये सजीव और निर्जीव दोनो ही के बीच की कड़ी हैं।

अलग-अलग किस्म के वायरस शरीर के अलग-अलग हिस्सों पर हमला कर अलग-अलग तरह की बीमारियां फैलाते हैं। मसलन बड़ी और छोटी चेचक, खसरा, बुखार, आदि चमड़े पर वायरस के हमले से फैलती है। कुछ वायरस स्नायुओ और नसों पर हमला कर बीमारियां फैलाते हैं। इनसे रैबीज, मस्तिष्क ज्वर और लकवा जैसी बीमारियों होती है। कुछ वायरस शरीर के भीतर घूस जाते हैं और वहां से बीमारियों को जन्म देते हैं। इन बीमारियों में इन्फ्लुएन्जा, सर्दी-जुकाम और जिगर (लिवर) का सूज जाना शामिल है।





वायरल रोगों के बारे में एक महत्वपूर्ण बात यह है कि यह छूत से लगने वाले होते हैं। मसलन शर्दी-जुकाम को ही ले लीजिए। इसके लिए लगभग 100 प्रकार के विभिन्न वायरस जिम्मेदार होते हैं और इनमें से प्रत्येक वायरस के चलते थोड़े अलग-अलग लक्षण पैदा होते हैं। जब जुकाम की शिकायत होती है तो वायरस श्वसन संस्थान के अवयवों के उपर आक्रमण करते हैं, जिससे जाने-पहचाने लक्षण पैदा हो जाते हैं। जैसे-गले में खरास, सूखापन, नाक का अवरूद्ध होना, नाक का बहना, छिके, इत्यादि। यहां पर इस बात का उल्लेख करना जरूरी है कि व्यस्कों की अपेक्षा बच्चों को शर्दी-जुकाम जल्दी होती है, क्योंकि बच्चों की रोग प्रतिरोधी क्षमता युवाओं और व्यस्कों के वनिस्पद कम होती है। फिर बच्चे अपनी कक्षा में दूसरे बच्चों के साथ बैठते हैं तो उनमें से एक-दूसरे में संक्रमण फैल जाता है, क्योंकि बच्चे छिकते समय मुंह में रूमाल नहीं रखते हैं। दरअसल जब बच्चा छिकता है तो उसके मुंह से तेजी से अधिक मात्रा में निकली हुई नम हवा के साथ वायरस अगल-बगल के वातावरण में फैल जाता है, जिससे एक बच्चा, दूसरे बच्चे से संक्रमित हो जाता है।

✯ **वायरस का वर्गीकरण :-** यह सच है कि वायरस के संक्रामक गुण जंतुओं और पेड़-पौधों में तरह-तरह की बीमारियां फैलाते हैं, लेकिन एक प्रकार के वायरस एक ही प्रकार के परपोषी पर आक्रमण करते हैं। प्रत्येक प्रकार के वायरस के एक निश्चित परपोषी के आक्रमण के आधार पर इनका वर्गीकरण इस प्रकार किया जाता है :-

☞ **फेग या बैक्टीरियोफेग वायरस :-** कुछ वायरस बैक्टीरिया में संक्रमण पैदा करते हैं, इन्हें बैक्टीरियोफेग वायरस कहा जाता है। अर्थात् यह बैक्टीरिया का भक्षण करते हैं।

☞ **जूफेग वायरस :-** ये वायरस जंतुओं की जीवित कोशिकाओं का भक्षण करता है यानि अपना पोषी मानते हैं।

☞ **फाइटोफेग वायरस :-** ये पौधों को अपना पोषी मानते हैं।

☞ **माइकोफेग वायरस :-** ये कवकों (फंगस) की कोशिकाओं को अपना पोषी मानते हैं।

वायरस के अनोखे संसार पर वैज्ञानिकों के अनुसंधान जारी है और नित्य नये वायरस की खोज होते रहती है।

✯ **कोशिकाओं के अंदर वायरस की संक्रमण सक्रियतारोधी नवीनत्तम खोज :-** जापान में टोकियो स्थित संक्रामक रोग विशेषज्ञ वाई. कोजिमा और आर.वाई नागानोने ने पुष्टि की है कि इण्डेरफेरॉन से कोशिकाओं के अंदर वायरस संक्रमण क्रियाओं में विघ्न पड़ती है। अर्थात् इण्डेरफेरॉन में वायरसरोधी सक्रियता का गुण मौजूद है। इन संक्रामण रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों के मतानुसार इण्डेरफेरान की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसकी वायरसरोधी सक्रियता किसी विशेष प्रकार की वायरसों के प्रति न होकर प्राय: अधिकांश वायरसों के साथ होती है। इण्डेरफेरान की दूसरी सबसे बड़ी विशेषता ये है कि इसका प्रभाव काफी व्यापक होता

है, क्योंकि यह कोशिकाओं को वायरस संक्रमण के समय वायरसरोध ी बनाने के साथ-साथ उनके विभाजन को भी रोकता है। इण्डेरफेरान की तीसरी सबसे बड़ी विशेषता है कि यह हमारी रोग प्रतिरक्षा प्रणाली की प्राकृतिक किलर कोशिकाओं को उत्तेजित करता है, जिससे रोग प्रतिरोध क क्षमता बढ़ जाती है। इण्डेरफेरान मनुष्य को बड़ी व छोटी चेचक, सर्दी-जुकाम, आंखों पर असर डालने वाली अरपीस आदि वायरसों के आक्रमण से सुरक्षित रखता है। इन रोगों से बचाने के लिए इण्डेरफेरान की अत्यंत सूक्ष्म मात्रा की जरूरत पड़ती है।

✯ **जलवायु परिवर्तन के चलते वायरसों के आक्रमण का खतरा** :- वैसे ही चीन के कोरोना वायरस के चलते पूरी दुनियां दहशत में है, लेकिन वैज्ञानिकों का नया शोध भविष्य में वायरसों के और बड़े संभावित खतरे की ओर इशारा कर रहा है। बात यह है कि वैज्ञानिकों ने तिब्बत में 15 हजार साल पुराने वायरसों के एक खतरनाक समूह का पता लगाया है। 33 वायरसों का यह समूह 520 से 15 हजार साल पुराने हैं, जिन्होंने तिब्बत के उत्तरी-पश्चिमी बर्फीली पठारों में अपना घर बना लिया है। यह बहुत ही अधिक चिंता की बात है कि इन 33 वायरसों में से महज पांच के ही बारे में आधुनिक विज्ञान को जानकारी है, जबकि 28 ऐसे वायरस हैं, जो विज्ञान के लिए नये हैं। शोधकर्ता वैज्ञानिकों का कहना है कि बर्फ में दबे होने के कारण ये वायरस अलग-अलग जलवायु (क्लाइमेट) में अपने-आपको जिंदा रखे हुए हैं। चूकि इन वायरसों की मौजूदगी का इलाका तिब्बत का बर्फीला पठार है जो चीन के 38 प्रांतों में से एक प्रांत तिब्बत में पड़ता है। इसलिए भविष्य में वायरसो के इस समूह से संक्रमित होने का खतरा बहुत अधिक बढ़ गया है। ऐसा इसलिए कि चीन, दुनिया का एक ऐसा देश है जहां पालतू तथा जंगली हर तरह के जानवरों का सेवन बहुत बड़े पैमाने पर किया जाता है। इसलिए चीन हर तरह के वायरसों के लिए जन्नत बन गया है।

अमेरिका से तिब्बत पहुंची वैज्ञानिकों की एक टीम ने 1992 और 2015 के ग्लेशियरों के नमूने लिये थे।



ग्लेशियर यानि बर्फ की नदी। लिए गये ग्लेशियरों के नमूनों के टुकड़ों को ठंढ़े कमरे में रखा गया था, जहां कुछ को इथेनाल (इथाइल अल्कोहल) से साफ किया गया और कुछ को पानी से धोया गया, तो पाया गया कि ग्लेशियर की बाहरी परत हटते ही 15 हजार साल पुराने वायरस सामने आ गये। कोल्ड स्प्रिंग हार्बल लेबोरेटरी द्वारा संचालित बायो आर्काइव डाटाबेस से जुड़े वैज्ञानिकों का कहना है कि जलवायु परिवर्तन के कारण ग्लेशियर की बर्फ पिघल रही है, जिसके चलते बर्फ में दबे ये वायरस बाहर आ सकते हैं। इससे आशंका व्यक्त की जा रही है कि वर्षों पुरानी बीमारियों फिर से दुनियां को अपने चपेट में ले सकती है।

✯ **क्या है कोरोना वायरस?** :- कोरोना वायरस, वायरसों का एक बड़ा समूह है। इसमें से सिर्फ छः वायरस ही इंसानों को संक्रमित करते हैं, लेकिन चीन के हुवेई प्रांत के वुहान शहर में दिसम्बर के प्रारंभ में पहली बार सामने आया यह वायरस कोरोना परिवार का सातावां नया वायरस है। इसलिए इसे 'नॉवेल कोरोना वायरस' (एन कोरोना वायरस या एनसीओवी) के नाम से जाना जाता है। चूकि यह वायरस चीन के वुहान शहर में पहली बार सामने आया है, इसलिए इसे वुहान कोरोना वायरस के नाम से भी जाना जाता है। वैसे कोरोना परिवार के इस नये वायरस का कुछ तो नाम होना चाहिए, लेकिन विश्व स्वास्थ्य संगठन ने अभी तक इस नये वायरस का नामकरण नहीं किया है। यह वायरस कांटों की तरह दिखता है। कांटो (क्राउन) जैसा दिखने के कारण इस वायरस का नाम कोरोना पड़ा। कोरोना वायरस की सबसे बड़ी खराबी है कि यह बेहत तेजी से फैलता है।

अनुमान है कि यह वायरस सार्स (सिवियर एक्यूट रेसपिरेटरी सिंड्रोम) और मर्स (मिडल इस्ट रेसपिरेटरी सिंड्रोम) की तरह जानवरों से आया है। कोरोना वायरस की एक प्रजाति से दूसरे प्रजाति में ट्रांसमिट

वायरसों के उद्गम स्त्रोत

साल	वायरस	जानवर	स्त्रोत देश
1919	स्वाइन फ्लू	सुअर	अज्ञात
1976	इबोला	चिम्पैंजी	अफ्रीका
1977	बर्ड फ्लू	वाटर फाउल	हांगकांग
2002	सार्स	सीवेट कैट	चीन
2012	मर्स	ऊँट	सउदी अरब
2013	एच/एन 9 एवियन इनफ्लूएंजा	–	चीन
2018	एच 7 एन 4	–	चीन
2019	एच 5 एन 6 बर्ड फ्लू	–	चीन
2020	कोरोना	चमगादड़	चीन

यानि जाते हैं और फिर इंसानों को संक्रमित कर देते हैं। इस दौरान इनका बिल्कुल पता नहीं चल पाता है। इस वायरस से बचाव के लिए अभी तक कोई वैक्सिन (टीका) तैयार नहीं की जा सकी है। इसलिए इससे बचाव ही इसका इलाज है। अतः कोरोना वायरस से संक्रमित मरीज से दूर रहने को कहा गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के क्षेत्रीय निदेशक डॉ० पूनम के अनुसार जानवरों की मांस से फैले वायरस की वजह से दुनियांभर में हर साल करोड़ों लोग बीमार पड़ रहे हैं। इसकी वजह से हर साल लाखों लोगों की मृत्यु हो रही है। हाल ही में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने उन बीमारियों की पहचान की है, जिनमें सार्वजनिक स्वास्थ्य, आपातकाल पैदा करने की क्षमता है। लेकिन, उनके प्रभावी इलाज और टिकों की कमी है। इस सूचि में इबोला, जीका, निपाह, सार्स, मर्स, स्वाइन फ्लू और बर्ड फ्लू शामिल है, जो किसी अज्ञात महामारी के लिए तैयार रहने को आगाह करते हैं। ऐसा इसलिए कि ऐसी बीमारियां भविष्य में किसी गंभीर महामारी का कारण बन सकती है।

✯ **कोरोना वायरस के लक्षण :-** कोरोना वायरस इंसान के फेफड़ों में घातक संक्रमण करता है, जिससे संक्रमित व्यक्ति के शरीर का तापमान सबसे पहले बढ़ता है। इससे सूखी खासी होती है और एक सप्ताह बाद संक्रमित व्यक्ति को सांस लेने में दिक्कत होने लगती है। यही कारण है कि कोरोना वायरस से संक्रमित व्यक्ति को सबसे पहले सांस लेने में दिक्कत, गले में दर्द, मांसपेशियों में दर्द, थकान, खांसी, जुकाम और बुखार होता है। एडवांस्ड स्टेज में यह लोगों में निमोनिया जैसी परेशानियां पैदा करता है, जिससे लोगों को अस्पताल में भर्ती होना पड़ सकता है। निमोनिया और किडनी से जुड़ी कई दिक्कतें बढ़ सकती है। कोरोना वायरस के मरीज ज्यादातर उम्रदराज लोग हैं। खासकर वे लोग पहले से ही पार्किसन, डायबिटीज और सांस की बीमारियों से जुझ रहे होते हैं।

✯ **चीन की कारिस्तानी से चुनौती बना कोरोना :-** चीन में कोरोना वायरस का खुलासा इस साल 20 जनवरी को हुआ, लेकिन पहले इस खबर को करीब डेढ़ महीने तक दबाये रखा गया। यदि पहले ही विश्व स्वास्थ्य संगठन को इसकी जानकारी दे दी गई होती तो हालात इतने वेकाबू नहीं होते। दुनियांभर में एकदम से भय और तबाही मचाने को नॉवेल कोरोना वायरस इतना पैर नहीं पसार पाता, क्योंकि चीन सहित दुनियां के सभी देश सर्तक हो जाते। समय पर आपातकालीन कदम उठा लिए होते। पिछले कई मौकों की तरह इस बार भी चीन से निकला यह नया वायरस दुनियांभर में आतंक का पर्याय बन गया है। दरअसल, चीन के वुहान शहर में इस वायरस का आक्रमण 2019 के आरंभ में ही हो गया था, लेकिन चीन में इस तथ्य को न सिर्फ छिपाया गया, बल्कि साधारण बीमारी बताकर गुमराह किया गया। किन्तु झूठ की इंतिहा तो तब हो गई जब कहा गया कि इससे किसी की मौत नहीं हुई है। लेकिन जर्मनी की लैब जर्मन



सेंटर फॉर इंफेक्शन रिसर्च ने इस बारे में जांच-पड़ताल शुरू किया तो पाया कि नॉवेल कोरोना वायरस पहली बार चीन के हुवेई प्रांत के वुहान शहर में ही उभरा है, जिससे गंभीर निमोनिया होता है। तब इस वायरस की भयवहता का दुनियां को पता चला, लेकिन, तब तक काफी देर हो चुकी थी। चीन की यह हरकत मानवता को शर्मसार करने जैसी है। इतनी बड़ी घटना को पचाने की कोशिश से चीन की नियत पर पूरी दुनियां को शक होने लगा है। एक महाशक्ति की ऐसी हरकत क्षमायोग्य नहीं है। पूरी दुनियां सुपर पावर चीन के सच छिपाने की चोर मानसिकता से हैरान है।

✯ आखिर चीन से ही क्यों फैलती है तरह-तरह की महामारियां? :- दुनियांभर में तबाही फैलाने वाली ज्यादातर बीमारियां चीन से ही शुरू क्यों होती है? क्या है कि वहां से पहला वायरस निकलकर दुनियांभर में फैल जाता है? दरअसल, चीन में लोमड़ी, मगरमच्छ, भेड़िया, सांप, छिपकली, गिलहरी, चूहे, कुत्ता, बिल्ली, सुअर, मोर, साही, ऊँट, तेलचट्टा, चमगादड़ सहित 112 किस्म के कच्चे, पके व अधपके तथा जिंदा जानवरों के मांस खाये जाते हैं। चीन के मीट मार्केट में कई तरह के जानवरों के मांस मिलते हैं। इसलिए वहां नये-नये वायरस तेजी से फैल रहे हैं। खासकर हाइजीन में थोड़ी भी चूक वायरस के फैलने में मददगार होती है। बात यह है कि वहां के फूड मार्केट में सुरक्षित तरीके से जानवरों के मांस का रख-रखाव नहीं होता है। ऐसे में जहां भी जानवरों का करीबी और अनियंत्रित मेल-जोल होता है, वहां बीमारियों को फैलने का खतरा सबसे ज्यादा होता है। इसके चलते जानवरों में पाया जाने वाला वायरस इंसानों में पहुंचने लगते हैं। इसलिए चीन के फूड मार्केट से नये-नये वायरस तेजी से फैलते हैं और संक्रामक होने की वजह से पूरी दुनियां में फैल जाते हैं। दरअसल चीन के मांस बाजार में जानवरों के मांस और खून का इंसानों के शरीर से सम्पर्क करीबी और अनियंत्रित होता रहता है, जो वायरसों के फैलने की सबसे बड़ी वजह है। तमाम प्रयोगों, परिक्षणों और रिसर्चों से साबित हो गया है कि कई तरह के खतरनाक वायरस जानवरों के मांस से इंसानों में आये हैं और फिर इनका संक्रमण तेजी से पूरी दुनियां में फैला है। वास्तविकता तो यह है कि विगत तीस वर्षों में तीस नयी एवं खतरनाक संक्रामक बीमारियों के बारे में पता चला है कि 60% वायरस जानवरों से फैले हैं और इनमें से 75% वायरस जानवरों से इंसान में आये हैं। वर्ष 2002 में चीन के मांस बाजार में मिलने वाली कस्तूरी विलाव में पहला सार्स वायरस मिला था। वैज्ञानिक मानते हैं कि चमगादड़ों ने बिल्ली जैसे जीवों को इससे संक्रमित किया और फिर इंसानों द्वारा बिल्लियों को खाने से यह उनमें फैला।

यह स्थिति सिर्फ चीन की ही नहीं है। दुनियांभर में जहां भी जानवरों और इंसानों के बीच करीबी और अनियंत्रित मेल-जोल होता है, वहां वायरस से संक्रमित होने के मामले ज्यादा पाये जाते हैं। मसलन, अफ्रीका में इबोला के मामले में यही देखा गया। अफ्रीका के चिम्पैंजियों में सबसे पहले इबोला वायरस पाया गया था। वहां इंसानों के द्वारा चिम्पैंजियों को मारकर खाने के बाद ही इबोला वायरस जानवरों से इंसानों में ट्रांसमिट हुआ। मांस बाजार में वायरस के फैलने से पैथोजंस रोगाणु (जर्मस) का ट्रांसमिशन आसान हो जाता है।

✯ चीन के लोग अछूत बनते जा रहे हैं :- चीन से दुनियांभर में फैले कोरोना वायरस की वजह से चीनी लोग दुनियांभर में हीन भावना के शिकार हो रहे हैं, अछूत बनते जा रहे हैं। सिंगापुर ने चीनी यात्रियों को वीजा देना बंद कर दिया है। वियतनाम, रूस, फिलीपींस, बांग्लादेश, श्रीलंका और मलेशिया ने चीनी यात्रियों के वीजा पर प्रतिबंध लगा दिया है। ब्रिटिश एयरवेज ने चीन से आने और जाने वाले सभी उड़ाने निलंबित कर दी है। छोटा सा देश पापुआ न्यू गिनी ने किसी भी एशियाई नागरिक के देश में प्रवेश पर रोक लगा दिया है। दक्षिण कोरिया, जापान,

हांगकांग और वियतनाम के रेस्तरां ने चीनी ग्राहकों पर वैन लगा दिया है। इंडोनेशिया में लोगों ने एक होटल के बाहर प्रदर्शन कर वहां मौजूद चीनी पर्यटकों को चले जाने को कहा। साउथ कोरियाई वेबसाइटों पर ऐसी अनेक टिप्पणियां आ रही है कि जिन पर चीन के लोगों को देश से बाहर निकलने तथा उनपर प्रतिबंध लगाने की मांग हो रही है। अभी तक सम्राज्यवादी रवैये के चलते दुनियां के देशों में चीन विरोध ी भावनाएं देखने को मिलती थी, किन्तु दुनियांभर में चीन से फैलते जानलेवा कोरोना वायरस के चलते अब कई देश उसके खिलाफ एकजुट दिखाई दे रहे हैं।

✯ **ग्लोबल अर्थव्यवस्था को जबरदस्त झटका लगा है :-** चीनी शहरों में सिनेमा, होटल-रेस्तरां बंद होने और शहरों के बीच आवागमन बंद होने से वहां पर्यटकों की संख्या में 79.6% कमी आयी है। ज्यादातर घरेलू पर्यटकों ने बुकिंग रद्द कर दी है। चीन के 11 हजार सिनेमाघर बंद हैं। कॉफी चेन स्टार ने अपने 2 हजार से अधिक स्टोर बंद कर दिये हैं। वुहान शहर ऑटो कंपनियों का मैनुफैक्चरिंग केन्द्र है। वहां निसान, होंडा, जनरल मोटर्स, आदि ऑटो कंपनियों के प्लांट हैं, जो बंद कर दिये गये हैं। सभी तरह की दवाइयों के 80% कच्चे माल दुनियांभर में चीन से निर्यात किये जाते हैं। चीन से दवाइयों के कच्चे माल के निर्यात में आयी भारी कमी के चलते कई देशों के दवा बनाने वाली कंपनियां कच्चे माल के आभाव में बंद होने के कगार पर पहुंच गयी है। दुनियांभर में प्लास्टिक के फूलों की 90% सप्लाई चीन से की जाती है, जिसका निर्यात फिलहाल बंद है। भारतीय कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स और ऑटोमोबाइल जैसी कंपनियां जो चीनी आयात पर निर्भर है, उनमें से कई कंपनियों के पास महज दो हफ्ते का ही माल बचा है, इसलिए भारतीय कंपनियों पर शटडाउन का खतरा मंडरा रहा है। जापान की कार निर्माता कंपनी टोयोटा ने चीन में अपना प्लांट फिलहाल बंद कर दिया है। इससे स्पष्ट है कि ग्लोबल अर्थव्यवस्था को भारी झटका लगा है। अर्थव्यवस्था का नकारात्मक असर दूर करने के लिए चीन के केन्द्रीय बैंक ने 12369 करोड़ से अधिक की राशि बाजार में झोकने की योजना बनायी है। पिपुल्स बैंक ऑफ चाइना, 2 फरवरी 2020 को एक बयान में कहा है कि कोरोना महामारी से जुझने, मुद्रा बाजार को स्थिर बनाये रखने और बैंकिंग प्रणाली में पर्याप्त तरलता बनाये रखने के लिए उचित कीमत पर बिक्री के अनुबंध के तहत बॉन्ड खरीदकर बाजार में धन का प्रवाह बढ़ायेगी।

✯ **कोरोना वायरस से संक्रमित व्यक्ति का इलाज :-** कोरोना वायरस से संक्रमित व्यक्ति को इससे निदान पाने के लिए फिलहाल कोई इलाज नहीं है। डॉक्टर संक्रमित मरीजों का इलाज उनके लक्षण के आधार पर ही कर रहे हैं। डॉक्टर द्वारा इलाज हेतु समान्यतया एंटीवायरल का इस्तेमाल किया जा रहा है। ऐसे में सावधानी बरतना और वायरस से रोकथाम के उपायों पर अमल किया जाना ही इसका इलाज है। कोरोना वायरस के संक्रमण का सबसे अच्छा उपाय घर और घर की साफ-सफाई है।

हांथ धोने के लिए साबुन या सेनेटाइजर का उपयुक्त इस्तेमाल। वायरस से संक्रमित व्यक्ति से करीब दो मीटर की दूरी बनाये रखना। जो व्यक्ति संक्रमित नहीं भी है, उनसे ना हांथ मिलाये और ना गले मिले। बस दूर से ही हांथ जोड़े। एन 95 मास्क पहनकर ही घर से बाहर निकले। यदि एन 95 मास्क उपलब्ध नहीं हो तो दूसरे किस्म का भी मास्क पहन सकते हैं। एक ही मास्क का बार-बार उपयोग न करे। कोरोना वायरस से संक्रमित व्यक्ति पानी खूब पिये। इस मामले में डाभ या कच्चे नारीयल का पानी खूब पीना चाहिए। मौसमी और अनार के रस का सेवन भी इस मामले में बहुत लाभकारी है। आम तौरपर शरीर के अंदर एंटी बॉडिज बनाने में और उसको ड्रेन करने के लिए शरीर में पर्याप्त पानी का होना जरूरी है। पिया गया पानी, पसीना और पेशाब के रूप में शरीर के अंदर की गंदगी और जहरीले पदार्थों को अनवरत बाहर निकालते रहता है। सांस लेने म तकलीफ होने पर संक्रमित व्यक्ति को गर्म पानी की भाप लेनी चाहिए अथवा ह्यूमिडिफायर का इस्तेमाल करना चाहिए। वैज्ञानिकों के अनुसार चीन के घातक कोरोना वायरस का प्रकोप छः महीने तक चलेगा।

✯ **कोरोना वायरस का टीका :-** ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में पीटर होहटी इंस्टीच्यूट ऑफ इंफेक्शन एण्ड इम्युनिटी के जुलियन ड्रूस ने कहा है कि चीनी अधिकारियों ने नॉवेल कोरोना वायरस के जिन का समूह जारी किया है, जो इस रोग की पहचान में मददगार है। ऑस्ट्रेलिया के वैज्ञानिकों ने कोरोना वायरस का

स्ट्रेन लैब में विकसित कर लिया है, जिससे जल्द ही कोरोना वायरस का टीका बनाया जा सकेगा। चीन और रूस के वैज्ञानिक भी कोरोना वायरस का टीका विकसित करने के लिए दिन-रात काम कर रहे हैं। चीन की ओर से दावा किया जा रहा है कि एक महीने के अंदर कोरोना वायरस का टीका विकसित कर लिया जायेगा। लेकिन, फिलहाल चीन के दावे को विश्वासीय अथवा प्रमाणित नहीं माना जा रहा है। इस बीच दावा किया जा रहा है कि हांगकांग का एक फर्म कोरोना वायरस से लड़ने की दवा विकसित कर ली है। लेकिन, फिलहाल इसका इस्तेमाल इंसानों पर नहीं किया जा सकता है। ऐसा इसलिए कि इस दवा का क्लीनिकल टेस्ट जानवरों पर चल रहा है। अभी इस दवा को इंसानों के लिए इस्तेमाल हेतु बनाने में एक साल का भी समय लग सकता है, लेकिन खुशी की बात है कि 28 जनवरी 2020 को कोरोना के इलाज के लिए टीका की खोज में लगे अनेक वैज्ञानिकों ने दावा किया है कि कोरोना के टीका को आठ सप्ताह के अंदर पूरी तरह से विकसित कर लिया जायेगा।

✯ **अद्भुत है कोरोना वायरस से मुकाबले की चीन की तैयारी :-** महज दस दिनों में सौ वेड वाला होशेंसन हॉस्पीटल बनाकर तैयार कर लिया गया। 2500 वर्ग मीटर (269000 वर्ग फीट) में बने इस हॉस्पीटल का निर्माण 23 जनवरी 2020 को शुरू किया गया और 3 फरवरी 2020 को बनकर तैयार हो गया। 3 फरवरी से इस हॉस्पीटल में इलाज शुरू कर दिया गया। इस हॉस्पीटल में कुल मिलाकर 1400 स्टॉफ हैं। इस हॉस्पीटल से 25 मील की दूरी पर 1600 वेड वाला दूसरा हॉस्पीटल निर्माणाधीन है, जो जल्द ही बनकर तैयार हो जायेगा।

चीन ने जानलेवा कोरोना वायरस को नियंत्रित करने के लिए 8310 सदस्यों की कुल 68 चिकित्सा टीमों को हुवेई प्रांत में लगा रखा है। चिकित्सा टीमों में श्वसन, संक्रमण और मेडिसिन विशेषज्ञ डॉक्टर तथा नर्सें शामिल हैं। 68 चिकित्सा टीमों में से 57 चिकित्सा टिमें वुहान शहर के 27 हॉस्पीटलों में लगाये गये हैं, जो कोरोना बीमारी का केन्द्र है। चिकित्सा पर लगाये गये कुल 8310 सदस्यों में से 6775 सदस्य सिर्फ वुहान शहर में लगाये गये हैं। 3 फरवरी 2020 तक वुहान शहर में 350 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और 11 हजार 177 कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों की पुष्टि हुई है। जिनमें से 1701 लोगों की हालत नाजूक बतायी जा रही है। चीन के वुहान शहर के मीट मार्केट को बंद करा दिया गया है। चीन ने कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने संबंधी प्रयासों को तेज करने के लिए 280 हजार करोड़ रूपये की राशि आवंटित की है। वही चीन के उद्योगपति जैक मा व बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन भी मदद के लिए आगे आये हैं। कोरोना

✯ **वायरस के आक्रमण से सुरक्षा के उपाय :-**

☞ विश्व स्वास्थ्य संगठन को ऐसे साक्ष्य मिले हैं, जिनमे करीब-करीब लोगों के संक्रमित होने के मामले की पुष्टि हुई है। यही कारण है कि परिवार के एक व्यक्ति के संक्रमित होने की सूरत में उसकी देखभाल करने वाले व्यक्ति भी संक्रमण का शिकार हो सकता है। इसलिए वायरस से संक्रमित मरीज से पर्याप्त दूरी बनाये रखनी चाहिए। कोरोना वायरस से संक्रमित मरीज को छिक आने की सूरत में सामने खड़े लोगों को बचने का प्रयास करना चाहिए।

☞ सांसों के किसी भी तकलीफ से संक्रमित बीमार के पास जाने से यथासंभव बचना चाहिए।

☞ किसी भी संक्रमित व्यक्ति के सम्पर्क में आने के बाद हांथ, मुंह आदि को साफ पानी से धो लेना चाहिए।

☞ बच्चों को खेलकर आने के बाद हांथ को साबुन या सेनेटाइजर से धोने के बाद मुंह को साफ पानी से अच्छी तरह धो लेना चाहिए।

☞ तौलिया तथा अंदर पहने जाने वाले वस्त्र जैसे-गंजी, कछिया, मोजा, इत्यादि अपने-अपने प्रयोग में लाना चाहिए।

☞ टूथ ब्रश, कंघी, इत्यादि भी अपना-अपना प्रयोग में लाना चाहिए।

☞ छिक आने पर या खांसी होने पर नाक और मुंह के आगे रूमाल या टिसू पेपर अवश्य रखना चाहिए। बच्चों को भी यही सिख दे।

☞ नाक बहने पर नाक से बहने वाले पानी, बलगम और थूक को जगह-जगह न फैलाये।

☞ वाश बेसिन में नाक और गला साफ करने के बाद तुरंत पानी गिराकर साफ कर दे।

☞ घर में पालतू जानवर हो तो उससे दूर रहे। जब भी पालतू जानवर, जैसे कुत्ता किसी व्यक्ति के शरीर के किसी अंग पर अपनी जीफ फेरे या लार लगाये तो शरीर के उस अंग को साबुन से अवश्य धोएं। बच्चों को भी यही सिख दें।

☞ मरीज के देखभाल की सभी वस्तुएं, जैसे-तौलिया, चादर, तकिया का खोल, रूमाल, गंजी, कछिया, मोजा, इत्यादि को दूसरे के कपड़ों से अलग रखना चाहिए, ताकि स्वस्थ व्यक्ति वायरस से संक्रमित न होने पाये। मरीज तथा स्वस्थ व्यक्ति के कपड़े झाड़ने वाला ब्रश भी अलग होना चाहिए।

☞ परिवार के किसी व्यक्ति को कच्चा या पका मांस नहीं खाना चाहिए। वैसे ताजा मांस, मछली, चिकेन और अंडे का सेवन भी परिवार के लोगों को बंद कर देना चाहिए। यदि आदत के गुलाम हैं तो ताजा मांस, मछली और चिकेन ले सकते हैं, लेकिन कमी अवश्य कर दे। मटन और चिकन खाने के बाद इसके बहुत ही छोटे-छोटे टुकड़े प्राय: दांतों के बीच फंस जाते हैं। इसलिए खाने के बाद मांस के फंसे टुकड़ों को टूथपिक (दांतखोदनी) से निकालकर ब्रश से मुंह को साफ कर लेना चाहिए।

☞ पहले माना जा रहा था कि कोरोना वायरस जानवरो से इंसान में फैलता है, लेकिन अब यह इंसानों से इंसान में भी फैल रहा है। इसलिए सभी के लिए उपयुक्त मॉस्क लगाना जरूरी है। कोरोना वायरस से प्रभावित इलाके में छोटे-बड़े सभी व्यक्ति को उपयुक्त किस्म के मॉस्क पहनकर ही घर से बाहर किसी काम के लिए निकलना चाहिए और कार्यस्थल पर मॉस्क पहनकर ही काम करना चाहिए। लेकिन सार्वजनिक जगहों, जैसे-रेलवे स्टेशन, बस अड्डा, हवाईअड्डा, मॉल, आदि जगहों पर तो उपयुक्त मॉस्क लगाकर ही जाना चाहिए। एक ही मॉस्क का उपयोग बार-बार नहीं करना चाहिए।

✯ **वायरस से संक्रमित होने पर निम्नलिखित बातों का ध्यान अवश्य रखना चाहिए :-**

☞ वायरस से संक्रमित होने पर मरीज को स्वस्थ होने में वायरस अपना नियत समय अवश्य लेते हैं, फिर भी चिकित्सक द्वारा दिया गया उपचार लोगों की भीषमता को कुछ हद तक कम कर राहत दिलाता है। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान का सबसे बड़ा हथियार एंटीबॉयोटिक वायरस पर काम नहीं करता है। इसलिए वायरल इंफेक्शन के मरीजों को उल्टी-सिधी दवा नहीं देनी चाहिए।

☞ मरीज को पूर्ण आराम करना चाहिए।

☞ मरीज को हल्का मगर सुपाच्य, पौष्टिक तथा ताजा भोजन करना चाहिए।

☞ रोगी को खाने के पहले और खाने के बाद हांथ को साबुन से अच्छी तरह धोना चाहिए। शौच के बाद भी मरीज को साबुन से हांथों को अच्छी तरह धोना चाहिए।

☞ किसी भी वायरस के संक्रमण से बचने का सबसे अच्छा उपाय है साफ-सफाई। विशेषकर अस्पतालों में साफ-सफाई रखनी ही चाहिए। लेकिन हमारे देश में खासकर बिहार राज्य में सरकारी अस्पतालों की हालत ऐसी है कि यहां स्वस्थ आदमी भी बीमार पड़ सकता है। लेकिन क्या अस्पताल परिस, घर, सब्जी और फल बाजार तथा मांस-मछली बाजार और रेलवे स्टेशन, बस अड्डा तथा किसी संस्थान को साफ-सुथरा रखने की जिम्मेदारी सिर्फ सरकार की ही नहीं है। एक जिम्मेदार नागरिक की नजर से देखे तो यह जिम्मेदारी हमारी भी बनती है। इसलिए हम सभी को यह जिम्मेदारी सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर निभानी चाहिए।

☞ वायरल बीमारियों को फैलने से बचाता है नीम। इसलिए मरीज के बिस्तर के चारों कोनों पर तथा सिरहाने नीम की ताजी पत्तियों को रखना चाहिए। मरीज के कमरे के दरवाजे पर भी नीम के पत्तियों को टहनी सहित लटकानी चाहिए। खासकर गांवों और कस्बों में चेचक और खसरा होने पर ऐसा अवश्य किया जाता है, जिससे परिवार के अन्य सदस्य वायरस से संक्रमित होने से बच जाते हैं। नतीजा ये बीमारियां फैलती नहीं है।

वायरस को रोकने के लिए चीनी सरकार ने पूरे देश में सर्विलांस नेटवर्क बना रखा है। हर जगह नागरिकों की निगरानी की जा रही है। इसका मकसद है कि 1 करोड़ 10 लाख की आबादी वाले वुहान शहर के लोग नये साल पर शहर छोड़कर देश के अन्य हिस्सों में जहां कही भी गये हैं, उन्हें तलाश करके पकड़ा जा सके। चीनी कारखाने में प्रतिदिन दो करोड़ मॉस्क तैयार किये जा रहे हैं। चीन ने कोरोना वायरस से सबसे ज्यादा प्रभावित वुहान समेत 21 शहरों में मांसाहार पर प्रतिबंध लगा दिया है। चीन की सरकार ने लोगों से अपील की है कि वे मांस का सेवन बंद कर दे, सब्जियां खायें। मांसाहार पर पाबंदी से वहां पर खाने-पीने का संकट बढ़ गया है। इसलिए चीन सरकार ने किसानों से कहा है कि वे अधिक से अधिक सब्जियां उगाये ताकि देश में सब्जियों की किल्लत न हो। चीन के कृषि मंत्रालय ने सभी एजेंसियों को खादान्न उत्पादन में जुट जाने को कहा है, ताकि खाने का संकट ना हो। चीन सरकार ने पड़ोसी देशों से फल-सब्जी और अन्य खाद्य पदार्थों का आयात भी बढ़ाने की तैयारी शुरू कर दी है।

चीनी सरका ने कोरोना वायरस के बढ़ते प्रकोप के मद्देनजर वहां के कुछ शहरों में आवाजाही पर प्रतिबंध लगा दिया है। इनमें हांगझाऊ, ताइझू और निम्बो शामिल है। वुहान शहर में पहले ही लोगों का आवाजाही प्रतिबंधित है। हांगझाऊ, ताइझू और निम्बो शहर के कुछ इलाकों में हर घर से केवल एक ही व्यक्ति दो दिन में एक बार जरूरी समान खरीदने के लिए घर से बाहर जा सकता है। इन शहरों में 95 ट्रेन सेवाएं निलंबित कर दी गई है।

✯ **भारत सरकार द्वारा कोरोना वायरस से निपटने के लिए किये जा रहे प्रयास :-** भारत सरकार का स्वास्थ्य मंत्रालय इस मामले में पूरी तरह सचेत है। सबसे अहम बात है

कि देश के 20 बड़े हवाईअड्डों पर करोना से संदिग्ध मरीजों की पहचान के लिए थर्मल सेंसर मशीन की व्यवस्था कर दी गई है। इसके लिए सौ नये थर्मल स्कैनर खरीदे गये हैं। पहले महज 28 थर्मल स्कैनर थे, अब इसकी संख्या बढ़कर 128 हो गई है। इस मशीन से बहुत ही सहज तरीके से मरीज को चिन्हित किया जा सकता है। अभी तक चीन से 656 भारतीय नागरिकों को एयर इंडिया ने दो बार में भारत लाया है। इसमें ज्यादातर चीन के हुवेई प्रांत की राजधानी वुहान में पढ़ रहे युवा हैं। विमान में क्रू मेम्बरों और छः सदस्यीय डॉक्टरों की मेडिकल टीम के अलावा सुरक्षा टीम भी तैयार कर ली गई थी, जिससे की भारतीयों को सकुशल भारत लाया जा सके। आईटीबीपी ने वापस आये भारतीयों को चौबिस दिनों तक रखने के लिए सभी तरह की मेडिकल सुविधाओं से सुसज्जित दो शानदार कैम्प बनाये हैं, जिनकी क्षमता 900 वेडों की है। एक हरियाणा के मानेसर में और दूसरा दक्षिणी-पश्चिमी दिल्ली में आईटीबीपी के छावला कैम्प में। छावला कैम्प दिल्ली कैम्प स्थित अस्पताल में बनाया गया है। देश के सभी राज्यों के कम से कम एक सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में कोरोना वायरस से संक्रमित संदिग्धों को रखने तथा इलाज की विशेष व्यवस्था की गई है।

भारत सरकार ने पत्र लिखकर सभी एयरलायंस से कहा है कि वे चीन से चीनी तथा विदेशी नागरिकों को भारत के किसी भी स्थान के लिए न बिठाएं, भले ही यात्रियों के पास वैध वीजा क्यों न हो। पत्र में कहा गया है कि ये आदेश तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक लागू रहेगा। चीन स्थित भारतीय दूतावास ने अभी तक जारी सभी नियमित तथा ई-वीजा को रद्द कर दिया है। अगले आदेश तक नये ई-वीजा देने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। लोगों को नये सिरे से नियमित वीजा के लिए आवेदन करना होगा। भारत ने चीन से कागज के आयात पर रोक लगा दिया है। कोरोना वायरस को लेकर प्रधानमंत्री कार्यालय नजदिकी से नजर बनाये हुए है।

✯ **अस्पताल में फैली गंदगी का नतीजा था चिमकी बुखार :-** पिछले साल गर्मियों में बिहार, उत्तर प्रदेश और पड़ोसी देश नेपाल में 'एक्यूट इसेफ्ललाइटिस सिंड्रोम' (एईएस) नामक बीमारी से ग्रसित होने के कारण भारी संख्या में बच्चों की मौत हो गई थी। इस बीमारी का स्थानीय लोगों ने चिमकी बुखार की संज्ञा दी थी। इस बीमारी का मुख्य कारण 'स्क्रब टाइफस' नामक वैक्टेरिया से होने वाला संक्रमण है, जो घरों में चूहा तथा अन्य छोटे जानवरों से फैलता है। यह तथ्य इंटरनेशनल जर्नल ऑफ कंटेपरेरी पीर्डियाटिक्स में प्रकाशित रिपोर्ट से सामने आया है। ऐसा इंडियन मेडिकल काउंसिल रिसर्च (आईसीएमआर) के प्रोजेक्ट के तहत पटना मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पीटल के डॉक्टरों की एक टीम ने 500 मरीजों पर किये गये रिसर्च में पाया है। इस तथ्य से यह प्रमाणित हो जाता है कि लिची खाने से उपयुक्त बीमारी का कुछ लेना-देना नहीं था। इस बीमारी का लेना-देना हॉस्पीटल की गंदगी से था, मुजफ्फरपुर स्थित डॉ. श्रीकृष्ण सिंह मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पीटल के परिसर में चारों तरफ फैली गंदगी से था, जगह-जगह गंदा पानी जमने से था। हॉस्पीटल और हॉस्पीटल परिसर में जगह-जगह गंदगी का सम्राज्य था, जिसके चलते हॉस्पीटल के पूरे परिसर में चारो ओर मक्खियां भिन-भिना रही थी तथा मच्छरों का कोहराम मचा था। पूरे परिसर में आवारा कुत्ते और बिल्ली इधर-उधर घूमते रहते थे। हॉस्पीटल के अंदर चूहे अक्सर इधर-उधर दौड़ते तथा कुछ खाते दिख जाते थे। कुल मिलाकर हॉस्पीटल बहुत गंदा था, जबकि हॉस्पीटल बहुत अधिक साफ और स्वच्छ रहना चाहिए। इसलिए यदि हॉस्पीटल और उसके परिसर को अच्छी तरह साफ-सुथरा रखा जाये तो आगामी गर्मी में एक भी बच्चा चिमकी बुखार से ग्रसित नहीं होगा और अगर साफ-सुथरा नहीं रखा गया तो आगामी गर्मी के मौसम में चिमकी बुखार का पुनः लौटना तय है। चिमकी बुखार के कहर से नहीं बचा जा सकेगा। ●



(लेखक फायर एण्ड सेफ्टी विशेषज्ञ हैं।)
मो०:- 9334107607
वेबसाईट www.psfsm.in

✯ दण्ड प्रक्रिया संहिता के कुछ महत्वपूर्ण प्रबन्धों के बारे में जानकारी देने की कृपा करें।

व्यक्तियों की गिरफ्तारी (Arrest of Persons) :-

☞ धारा 44 के अनतर्गत मजिस्ट्रेट द्वारा गिरफ्तारी के सम्बन्ध में उपबन्ध किया गया है।

☞ धारा 45 के अन्तर्गत सशस्त्र बलों के सदस्यों को गिरफ्तारी से संरक्षण प्राप्त है। उन्हें केन्द्रीय सरकार की अनुमति से ही गिरफ्तार किया जा सकता है।

☞ गिरफ्तारी करने में अपराधी की मृत्यु कारित की जा सकती है। जब गिरफ्तार किये जाने वाले व्यक्ति पर उस अपराध को करने का आरोप है, जिसे मृत्यु या आजीवन कारावास का दण्ड दिया जा सकता है। (धारा 46 (3))

☞ असाधारण परिस्थितियों के सिवाय कोई स्त्री सूर्यास्त के पश्चात और सूर्योदय से पहले गिरफ्तार नहीं की जायेगी और जहाँ ऐसी असाधारण परिस्थितियाँ विद्यमान है, वहाँ स्त्री पुलिस अधिकारी, लिखित में रिपोर्ट करके, ऐसे प्रथम श्रेणी के न्यायिक मजिस्ट्रेट की पूर्व अनुज्ञा अभिप्राप्त करेगी, जिसकी स्थानीय अधिकारिता के भीतर अपराध किया गया है।

☞ धारा 57 के अन्तर्गत गिरफ्तार किये गये व्यक्ति की 24 घण्टे से अधिक विरूद्ध न किये जाने के सम्बन्ध में प्रावधान है।

☞ धारा 53 में पुलिस अधिकारी की प्रार्थना पर चिकित्सा व्यवसायी द्वारा अभियुक्त की परीक्षा के सम्बन्ध में प्रावधान है।

☞ धारा 53 (क) के अनुसार जब किसी व्यक्ति को बलात्संग या बलात्संग का प्रयत्न करने के अपराध के आरोप में गिरफ्तार किया जाता है और यह विश्वास करने के उचित आधार हैं कि इस व्यक्ति की परीक्षा या ऐसा अपराध करने के बारे में साक्ष्य प्राप्त होगा तो ऐसे गिरफ्तार व्यक्ति की परीक्षा करायेगा और उस प्रयोजन के लिए युक्तियुक्त बल का प्रयोग किया जा सकता है।

☞ धारा 54 गिरफ्तार व्यक्ति की प्रार्थना पर गिरफ्तार व्यक्ति की चिकित्सा व्यवसायी द्वारा परीक्षा का प्रावधान करती है।

हाजिर होने के लिए विवश करने के लिए आदेशिकाएँ (Process of Compel Appearance)

☞ समन एक ऐसी आदेशिका होती है, जिसके माध्यम से अभियुक्त को इस बात के लिए निर्देशित किया जाता है कि वह निर्धारित स्थान, तिथि तथा समय पर न्यायालय में उपस्थित हो।

☞ समन की तामील व्यक्तिगत रूप से की जाती है, यदि समन किये गये व्यक्ति न मिल सके तो वहाँ समन की तामील दो प्रतियों में से एक को उसके कुटुम्ब के उसके साथ रहने वाले किसी व्यस्क पुरूष सदस्य के पास छोड़कर की जा सकती है और यदि तामील करने वाले अधिकारी द्वारा अपेक्षा की जाती है तो, जिस व्यक्ति के पास समन ऐसे छोड़ा जाता है वह दूसरी प्रति के पृष्ठ भाग पर उसके लिए रसीद हस्ताक्षरित करेगा। (धारा 64)

☞ समन की आवश्यक अपेक्षाएँ निम्न है-

(1) समन लिखित होना चाहिए।

(2) समन दो प्रतियों में होना चाहिए।

(3) समन न्यायाधीश द्वारा हस्ताक्षरित होना चाहिए एवं न्यायालय की मुद्रा लगी होनी चाहिए।

☞ समन को लेने से इन्कार करना दण्डनीय अपराध नहीं है।

☞ समन की तामील समन किये गये व्यक्ति के नौकर से नहीं की जा सकती है।

गिरफ्तारी (Warrant of Arrest)

कानूनी सलाह
शिवानंद गिरि
(अधिवक्ता)
Ph.- 9308454485
7004408851
E-mail :-
shivanandgiri5@gmail.com

☞ धारा 70 में गिरफ्तारी के वारण्ट का प्रारूप तथा उसकी अवधि के बारे में उपबन्ध है।

☞ धारा 70 की उपधारणा के अनुसार किसी व्यक्ति की गिरफ्तारी के लिए जारी किया गया प्रत्येक वारण्ट लिखित रूप में होगा साथ ही उस न्यायालय के पीठासीन अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित एवं मुद्रांकित होगा।

☞ धारा 70 की उपधारा (2) में वारण्ट की अवधि के बारे में उल्लेख है। इसके अनुसार प्रत्येक वारण्ट तब तक प्रवर्तन में रहेगा जब तक कि उसे जारी करने वाले न्यायालय द्वारा रद्द नहीं कर दिया जाता है या जब तक उसे निष्पादित नहीं करा दिया जाता है।

उद्घोषणा और कुर्की (Proclamation and attachment)

☞ फरार व्यक्ति के लिए उद्घोषणा (Proclamation) का प्रावधान धारा 82 में है।

☞ उद्घोषणा अवैध होने पर कुर्की भी अवैध हो जाती है।

☞ उद्घोषणा में 30 दिन के पश्चात् हाजिर होने का निर्देश होता है।

☞ निर्धारित अवधि 30 दिन से कम हो तो पश्चात्वर्ती समस्त कार्यवाहियाँ अवैधानिक होगी।

☞ धारा 83 में फरार व्यक्ति की सम्पति की कुर्की के सम्बन्ध में प्रावधान है।

☞ उद्घोषणा जारी होने के पश्चात् जंगम या स्थावर सम्पत्ति की कुर्की का आदेश दिया जा सकता है।

☞ वह व्यक्ति जिसके सम्बन्ध में उद्घोषणा निकाली जानी है, अपनी समस्त सम्पति या उसके किसी भाग का व्ययन करने वाला है अथवा अपनी समस्त सम्पत्ति या उसके किसी भाग को उस न्यायालय की स्थानीय अधिकारिता से हटाने वाला है तो वह उद्घोषणा जारी करने के साथ ही साथ कुर्की का आदेश दे सकता है।

☞ धारा 84 के अन्तर्गत कुर्की के बारे में दावे एवं आपत्तियों से सम्बन्धित प्रावधान है।

☞ कुर्क सम्पत्ति में हित रखने वाला व्यक्ति कुर्क किये जाने की तिथि से 6 माह के भीतर दावा एवं आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

☞ कुर्की के बारे में आपत्ति धारा 84 के अन्तर्गत उस दिन से 6 माह के भीतर जिस दिन सम्पत्ति कुर्क की गयी थी, की जा सकती है।

☞ कुर्की की हुई सम्पत्ति की नियुक्ति तभी होती है जब उद्घोषित व्यक्ति उद्घोषणा में विनिर्दिष्ट समय के अन्दर हाजिर हो जाये।

☞ यदि उद्घोषित व्यक्ति विनिर्दिष्ट समय के भीतर हाजिर नहीं होता है तो कुर्क सम्पत्ति राज्य सरकार में व्ययनाधीन हो जाती है और राज्य सरकार ऐसी सम्पत्ति का विक्रय (1) कुर्की की तारीख से 6 माह का अवसान हो जाने पर (2) धारा 84 के अधीन किये गये दावे या आपत्ति का निपटारा हो जाने पर कर सकती है।

It's Sachin vs Lara in Unacademy Road Safety World Series opener

In a much-anticipated clash of the titans, Sachin Tendulkar's India Legends take on Brian Lara's West Indies Legends in the opening match of the Unacademy Road Safety World Series at the historic Wankhede Stadium on March 7.The final will be played at the Brabourne Stadium in Cricket Club of India (CCI) ground on March 22. Of the total 11 matches, two will be played at the Wankhede Stadium, four at the MCA Stadium in Pune, four matches at DY Patil Stadium at Nerul in Navi Mumbai and the final at the picturesque Brabourne Stadium in Cricket Club of India ground.

Pune will have the rare distinction of hosting two India matches (against South Africa Legends on March 14 and Australia Legends on March 20) while Wankhede and DY Patil will host one match each featuring the host team. The Unacademy Road Safety World Series, is a five-nation T20 cricket tournament which will showcase some of the biggest names in cricket from India, Australia, Sri Lanka, West 'Indies and South Africa. Some notable players who will feature in this Series includes Bharat Ratna Sachin Tendulkar, Virender Sehwag, Yuvraj Singh, Zaheer Khan, Brian Lara, Shivnarine Chanderpaul, Brett Lee, Brad Hodge, Jonty Rhodes, Muttiah Muralitharan, Tillakaratne Dilshan, Ajantha Mendis and many more. Former India captain, Padma Bhushan and theliving legend Sunil Gavaskar is the Commissioner of the Series.Every year, more than 1.5-2 lakh people die on Indian roads due to vehicular accidents; one person dies every 4 minutes and 1,214 road accidents occur every day in the country. In the last five years, more than 65 lakh people were disabled completely. As cricket is the most followed sport in the country and cricketers are looked up to as idols, the Series aims to create awareness about road safety and change people's mind-set towards their behaviour on the roads.

Ravi Gaikwad, RTO Chief of Thane (Konkan Range), who is also a senior member of the Road Safety Cell of Maharashtra and Chairman of the Trust, Shant Bharat Surakshit Bharat, said, "There has been a lot of excitement towards this tournament and people were eagerly waiting for the schedule and the tickets. I am extremely glad for the fans and I am sure they will come in large numbers to cheer for the legends and also support this important cause of creating awareness towards road safety in the country. Road safety is a serious concern, one person dies every 4 minutes in India and we all should join hands to make our roads safe and save precious human lives."Karan Shroff, Vice President-Marketing, Unacademy, said, "The Road Safety World Series binds together a cause that we feel

deeply for, and a sport that is most loved by our TG and their parents, on and off the platform. This partnership will help us permeate the message that we want to convey as a brand. It is indeed exciting to see all the buzz around the tournament, and Unacademy is truly elated to be at the heart of it." Albert Almeida, COO ? Live Entertainment, BookMyShow: "We, at BookMyShow, believe that live entertainment is an extremely effective medium to help create awareness on civic and social issues. We are glad to have associated with Road Safety World Series to address road safety concerns in the country. It will be exciting to see cricket legends pitted against each other with fans supporting their favourite players and teams in huge numbers. We are committed to giving cricket fans an unparalleled experience that starts with booking their tickets and ends with a seamless match experience at the venue. Wishing all the teams good luck!"

Nina Elavia Jaipuria, Head, Hindi Mass Entertainment and Kids TV Network, Viacom18,said, "Cricket as a sport binds people of our nation together and we are proud to bring Road Safety World Series 'live' for the audience on COLORS Cineplex, COLORS Kannada Cinema, VOOT, and Jio. The league brings back the cricketing legends onto the field and as we inch a step closer to the series-opening, we are excited to give the viewers an unparalleled experience across their preferred screens." Melroy D'Souza, Chief Operations Officer, Professional Management Group, said, "We at PMG are excited to see the legends of cricket take the field during the Unacademy RoadSafety World Series from 7th-22nd March. We are confident that fans will flock to the stadiums in large numbers and relive the nostalgia that the heroes of cricket will provide." Tickets to the matches will go live exclusively on BookMyShow from February 14 6:00 p.m. onwards.

Hamida Begum, 1st Bangladeshi prostitute to receive a proper Islamic funeral

Sex workers in Bangladesh often do not get a proper burial due to social stigma. This week's burial has been met with praise by human rights activists. Hamida Begum, who died earlier this week, may be the first sex worker to receive a proper Islamic funeral. The 67-year-old was given a Janaza (funeral prayer) by an imam after local police intervened to ensure a proper burial.

Bangladesh is one of the very few Islamic nations to legalize prostitution. But bodies of sex workers are often buried in unnamed graves, or their bodies are dumped. Due to the social stigma, religious heads such as imams usually shy away from performing funeral rites for sex workers. The latest burial was hailed by many activists as a landmark. Around 400 people reportedly showed up to pay their respects to Hamida Begum in post-funeral prayers. She leaves behind her son Mukul Sheikh, and daughter Laxmi, who is also in the same profession. "I never dreamed that she would get such an honorable farewell. My mother was treated like a human being," Laxmi told The Dhaka Tribune.



Hamida Begum worked at Daulatdia in Rajbari district, one of the world's biggest brothels. Established during British colonial rule, it is now one of the 12 major legal brothels in Bangladesh. The imam was initially reluctant to lead the prayers, but later agreed after a coalition of sex workers, backed by local police, urged him to do so. Jhumur Begum, the leader of the coalition of sex workers was at the forefront of the campaign to get Hamida Begum this farewell. "If we wanted to bury our dead in the morning, villagers would chase us with sticks. We have finally received our rights as humans, citizens of this country, and parts of this society," she told the AFP news agency. Despite this instance of a respectable funeral, living conditions for sex workers in the South Asian nation are far from optimal. Many minor girls are sold into prostitution by poor families. Hamida Begum herself was only 12 years old when she started working at the Daulatdia brothel. Women and girls working as prostitutes often have to face harsh work conditions, and are at high risk for HIV and other sexually transmitted diseases.

सामाजिक एवं बौद्धिक क्षेत्र में रोजगार का सुनहरा अवसर

केवल सच सामाजिक संस्थान और श्रुति कम्युनिकेशन ट्रस्ट अपने भविष्य के आगामी योजनाओं में सामाजिक एवं बौद्धिक सुधार के क्षेत्र में पुर्नजागरण के शंखनाद हेतु बिहार और झारखण्ड राज्य के मेधावी/सक्षम/योग्य/दक्ष एवं कर्मठ नवयुवकों को अपने टीम में वैतनिक/अवैतनिक रूप से जुड़ने के लिए अवसर प्रदान करना चाहती है। उक्त स्वयंसेवी संस्थान मुख्य रूप से 'अपना घर' (वृद्धाश्रम आवास योजना), परिवार परामर्श केन्द्र, शिक्षा का संक्षिप्त पाठ्यक्रम (मूल रूप से निर्धन/बेसहारा लड़कियों हेतु) और विभिन्न मुद्दों पर जागरूकता कार्यक्रम पर ध्यान केन्द्रीत करना चाहती है। इन कार्यक्रमों से जुड़कर नवयुवक सामाजिक क्षेत्र में अपनी हिस्सेदारी सुनिश्चित कर सकते हैं। उक्त संगठन इसके लिए टीम वर्क के तहत कार्य करना चाहती है, जिसके अंतर्गत राष्ट्रीय समन्वयक के अधीन वार्ड/ पंचायत/ प्रखण्ड/ अनुमण्डल/जिला समन्वयकों की नियुक्ति भी करना चाहती है। इस संस्थान से जुड़कर इच्छुक नवयुवक उक्त पदों पर अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकते हैं।

संस्थान

श्रुति कम्युनिकेशन ट्रस्ट

भारतीय ट्रस्ट अधिनियम 1882 के तहत संचालित

निबंधन संख्या : 22333/2008, आयकर निबंधित : 12 ए ए/2012-13/2549-52 | 80 जी (5)/तक०/2013-14/1073

केवल सच सामाजिक संस्थान

भारतीय सोसायटी एक्ट 21, 1860 के तहत निबंधित

निबंधन संख्या : 1141 (2009-10), आयकर निबंधित : 12 ए ए/2012-13/2505-8 | 80 जी (5)/तक०/2013-14/1060-63

www.shruticommunicationtrust.org

KEWAL SACH SAMAJIK SANSTHAN

www.ks3.org.in

Regd. Office:- East Ashok Nagar, House No.-28/14, Road No.-14, kankarbagh, Patna- 8000 20 (Bihar)
Jharkhand State Office:- **Riya Plaza, Flat No.-303, Kokar Chowk, Ranchi**
Mob.- 9431073769

चलें गाँधी मैदान!

पायें प्रतिष्ठा और सम्मान!!

12 अप्रैल 2020

ब्राहम्ण परिवार मिलन महाकुम्भ

भविष्य की रक्षा करनें पहुचे

समय 11 बजे AM

1001 ब्राह्मणों के द्वारा सुन्दर कांड का पाठ

पारिवारिक प्रीतिभोज

परिवार के साथ पहुचें गाँधी मैदान, पटना

आयोजक

चाणक्य विकास मोर्चा

पता - पूर्वी अशोक नगर, रोड नं.-14, मकान सं. 14/28, कंकड़बाग, पटना-800020 (बिहार)

Mob. 9431073769, 9955077308